लूट

नॉन-एफएक्यू धान को कुछ देर बाद बता रहे एफएक्यू

## क्वालिटी जांच के नाम पर किसानों से खुलेआम वसूली



**नवभारत, जबलपुर।** जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों को अमानक क्वालिटी का डर दिखाकर अवैध वसूली की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रों पर रखे धान के ढेरों पर बिना किसी आधिकारिक प्रक्रिया के 'नॉन-एफएक्यू' की पर्ची चिपका दी जाती है। किसानों को बताया जाता है कि उनकी धान खरीदी योग्य नहीं है, जबकि कुछ समय बाद वही धान मानक गुणवत्ता की घोषित कर दी जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों पर गुणवत्ता जांच का कार्य प्राइवेट एजेंसी आरबी एसोसिएट्स को सौंपा गया है। उनके सर्वेयरों की जिम्मेदारी है कि वे तय मापदंडों के अनुसार धान की जांच कर पोर्टल पर स्पष्ट एंट्री करें।

**पैसों में बदलती है क्वालिटी**

सूत्रों ने बताया कि किसान जब अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंचता है, तो पहले उसे धान वापस ले जाने का दबाव बनाया जाता है। इसी दबाव के बीच पैसों के लेनदेन की बात सामने आती है। जैसे ही सौदा तय होता है, वही धान एफएक्यू मान ली जाती है और तुलाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। धान उपार्जन में चल रहे इस खेल से किसान खासे परेशान हैं। अब सवाल यह है कि प्रशासन इस गंभीर अनियमितता पर कब सख्त कदम उठाएगा और किसानों को राहत कब मिलेगी।

### सर्वेयर और समिति की संदिग्ध भूमिका

सूत्रों के मुताबिक इस वसूली में सर्वेयर और उपार्जन समिति दोनों शामिल हैं। सर्वेयर प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि तय करता है, वहीं समिति तुलाई और स्टैकिंग के नाम पर अतिरिक्त पैसा लेती है, जबकि इन कार्यों के लिए शासन से भुगतान पहले से किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कई सर्वेयर कार्रवाई के भय से पोर्टल पर धान को औपचारिक रूप से रिजेक्ट नहीं करते। वे मौखिक रूप से या ढेर पर पर्ची चिपकाकर उसे नॉन-एफएक्यू बता देते हैं, जिससे वसूली का रास्ता खुला रहता है और जिम्मेदारी तय नहीं होती।

**नियम कागजों तक सीमित**


नियमों के अनुसार सर्वेयर को धान की गुणवत्ता जांच कर ई-उपार्जन पोर्टल पर ही उसे स्वीकार या रिजेक्ट करना होता है। अमानक धान होने पर किसान को 24 से 48 घंटे का समय सफाई के लिए दिया जाता है, लेकिन उपार्जन केंद्रों पर इन नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है।

## आग के अंगारे फेंके उपसरपंच झुलसा

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत हिनौतिया में शराब पीने के लिए रूपए न देने पर बदमाश ने उप सरपंच के ऊपर आग के अंगारे फेंक दिए। आग से झुलसे बुजुर्ग को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक प्रकाश नारायण पाठक 53 वर्ष निवासी ग्राम हिनौतिया भोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्तमान में ग्राम हिनौतिया भोई में उप सरपंच के पद पर है बीती रात लगभग 8-30 बजे लक्ष्मण परस्ते के आंगन में पंकज परकाम, दुर्गेश झारिया एवं राजेश पटेल के साथ आग ताप रहे थे तभी राजेश पटेल उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया एवं आग के पास से थोड़ा दूर घर की सीढ़ी में बैठकर मोबाइल देखने लगा, राजेश पटेल ने तसला उठाकर उसके चेहरे पर फैंक दिया तसला में आग थी, जिससे माथा, चेहरा, गर्दन में जलने से चोट आई।

## शराबी ने मूर्ति की खंडित श्रद्धालुओं में आक्रोश

बरेला पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, आरोपी गिरफ्तार




**जबलपुर, नवभारत।** बरेला थाना अंतर्गत बिलगड़ा गौमुखधाम परिसर स्थित हनुमान मंदिर में शराब के नशे में चूर एक युवक ने मंदिर में स्थापित हनुमान प्रतिमा को खंडित कर दिया। श्रद्धालुओं में आक्रोश भड़क गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ मूर्ति में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बिलगड़ा गांव निवासी सतीश पटेल शराब के नशे में धुत होकर गौमुखधाम परिसर में बने हनुमान मंदिर में घुस गया और प्रतिमा को खंडित कर दिया। जब श्रद्धालुओं को पता चला तो वे पहुंचे और सतीश को समझाइश दी तो वे नहीं माना उन्हें भी धमकाने लगा। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।




## छावनी किसानों की 100 साल पुरानी कृषि भूमि के निजी स्वामित्व को मान्यता

किसान संघ ने बैठक कर 200 वर्ष पुराने रिकॉर्ड को दिलाया सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** छावनी किसान संघ ने अपने अध्यक्ष, रक्षा विभाग के रिटायर्ड अधिकारी एवं एडवोकेट राजेश कुशवाहा की अध्यक्षता में बड़ी बैठक आयोजित की। बैठक में 200 वर्ष पुराने कृषि भूमि रिकॉर्ड और 1926 में पारित बोर्ड मीटिंग संकल्प संख्या 17 को उजागर किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 1830 से छावनी क्षेत्र के कास्तकारों को उनकी जोतों पर निजी स्वामित्व के सभी अधिकार प्राप्त हैं। संघ ने सांसद आशीष दुबे और केंट विधायक अशोक रोहाणी को पुस्तक का हिन्दी अनुवाद भेंट किया और छावनी क्षेत्र के सभी किसानों में वितरित किया।

बैठक में किसानों के 10 सूत्रीय मांग पत्र में खाद, उर्वरक, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और भूमि रिकॉर्ड को कमिश्नर कार्यालय में अपडेट करने की मांग शामिल थी। बैठक में एडवोकेट डी.पी. वर्मा, डॉ. ऋषि बावरिया, सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, एडवोकेट रामदास शर्मा, दिनेश कुशवाहा, सिराज अहमद, संजय बावरिया, देवेन्द्र, नंदकिशोर, ओम प्रकाश पटेल, मुन्ना बावरिया, घनश्याम, मूलचंद, हरिचंद सहित संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिल्डर को पीटा, धमकाया, सोने की चैन गुमी

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अंतर्गत रूद्राक्ष पार्क के पीछे ब्रजधाम में बदमाश ने बिल्डरके साथ मारपीट करते हुए उसे धमकाया। इस दौरान उसकी सोने की चैन गिर गई जो नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक रविवार को अरूनाथ दुबे 35 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती स्कूल के सामने गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने रूद्राक्ष पार्क के पीछे ब्रजधाम में 11500 वर्ग फुट जमीन विवेक त्रिपाठी से खरीदी थी जिस जमीन के डेब्लपमेंट के कार्य के लिये रोड डालने के लिये जेसीबी से काम करा रहे थे उसके साथ आकर्ष श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, हर्ष वर्घन शर्मा के साथ काम कर रहे थे दोपहर लगभग 2 बजे पियूष रजक आकर काम बंद करो यह मेरी जमीन है, अगर यहां काम करना है तो 200 रूपये फुट मुझे देना पड़ेगा एवं गाली गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर उसे धक्का दे दिया जिससे वह गिर गया तो पियूष रजक हाथ मुक्कों से मारपीट किया जिससे उसके कंधे कलाई में चोट आई धक्का मुक्की के दौरान उसकी सोने की चैन वहीं पर गिर गई जो तलाशने पर नहीं मिली।

## विदेश से धमकियों का दावा, खोजने में एक्सपर्ट फिसड्डी

एयरपोर्ट,फ्लाईटों, आयुध निर्माणी को शक्तिशाली बमों से उड़ाने की मिल चुकी है धमकी



**जबलपुर, नवभारत।** डुमना विमानतल हो या फिर फ्लाइट, आयुध निर्माणी इन्हें शक्तिशाली बमों से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। अपराधी कभी मेल के जरिए धमकी भरे मैसेज भेजते है तो कभी नए-नए पैंतरों के माध्यम से धमकी देते है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों, पुलिस अलर्ट मोड में आती हैं, धमकियां अफवाह निकलती है लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर मामले थाने की दहलीज तक पहुंचते है, मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज कर लेती है, चंद दिन जांच पड़ताल होती है लेकिन धमकाने वालों का कोई सुराग नहीं लग पाता। एक्सपर्ट फिसड्डी साबित हो जाते है। पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाती है। इतना ही नहीं पुराने मामलों में भी अगर नजर दौड़ाई जाएं तो पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस का यह दावा जरूर होता है कि धमकियां फेक आईडी और विदेश से दी जाती हैं। मामले की विस्तृत जांच चल रही है लेकिन हकीकत में मामले ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते है जिसकी वजह से आरोपित का सुराग नहीं लग पाता है।

### केस 1

आयुध निर्माणी खमरिया के आफिशियल मेल पर एक मेल 22 दिसम्बर की रात्रि 10.55 बजे आया था जिसमे पाकिस्तानी एजेंट का जिक्र करते हुये 23 दिसम्बर को निर्माणी में बम ब्लास्ट की धमकी दी गई थी। मामले की रिपोर्ट खमरिया थाने में दर्ज है।

### केस 2

डुमना विमानतल को छह जुलाई को चार आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी भरा मेल पहुंचा था। सात जुलाई को मुख्य सुरक्षा अधिकारी (एयरपोर्ट एथोरटी आफ इंडिया जबलपुर) अंकुर मौर्य पिता रंजीत मौर्य 31 वर्ष निवासी 502 डी ब्लाक अपसरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाईन की रिपोर्ट पर अज्ञात पर एफआईआर दर्ज हुई थी।

**नाम, पता तक नहीं पता कर पाये**

ओएफके को बम से उड़ाने की धमकी तो चंद दिन पहले ही मिली परंतु एयरपोर्ट, फ्लाईटों को बम से उड़ाने की धमकियां मिले लंबा समय बीत गया लेकिन धमकी देने वाले कौन है, किस देश के नागरिक है और धमकी कहां से दी गई इसके पीछे का मकसद क्या था इसका पुलिस पता नहीं लगा पाई। पुलिस आरोपी को पकड़ाना तो दूर की बात हैं, उनके नाम पते तक नहीं खोज पाई है।

### केस 3

29 जून को ईमेल के माध्यम से अज्ञात ईमेल के धारक के द्वारा जबलपुर हवाईअड्डा के चारो और पिट्ठू बैग में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण छुपाकर रख जाने उनके फटने पर जानमाल के नुकसान की धमकी दी गई थी। यह भी लिखा था कि शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण छिपे हुए है इमारतों को तुरंत खाली करना होगा।

**पत्राचार का जवाब नहीं, अटकी जांचें**

धमकी देने वाले आरोपी पुलिस के लिए चुनौती है। जबकि मामले में थाना पुलिस के साथ साइबर टीमें जांच पड़तला कर रही है। मामले की खोजबीन के दौरान पुलिस पत्राचार जरूर करती है। थाना पुलिस साइबर और फिर मेल, गूगल व अन्य से पत्राचार किए जाते है लेकिन जवाब नहीं मिलते है ऐसे में पुलिस की जांचें भी अटकी रहती है और पुलिस को कोई अहम सुराग नहीं लग पाता।

### केस 4

अक्टूबर 2024 को भी एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी गई थी कि इंडिगो फ्लाइट नंबर 9 आई 692 दिल्ली से जबलपुर फ्लाइट में बम रखा हुआ है।

**इनका कहना है**

आयुध निर्माणी को मेल के जरिए धमकी देने के मामले की जांच चल रही है। पुलिस के साथ साइबर पुलिस पड़ताल कर रही है। विवेचना के दौरान क्लू मिलते ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

**जितेन्द्र सिंह, एएसपी, क्राइम**

धमकी किसने दी इसका पता नहीं चल सका है। विदेश से फर्जी आईडी के जरिए ऐसे अपराध होते है। साइबर, गूगल से पत्राचार किए गए लेकिन अब तक जवाब नहीं आए है मामले की जांच जारी है।

**सरोजनी टोप्पो, खमरिया थाना प्रभारी**

## किन्नर पर धारदार हथियार से हमला, जलसा में मची भगदड़



**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सिंधी धर्मशाला में बीती रात किन्नर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। वारदात से जलसा में भगदड़ मच गई। घायल किन्नर को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया वहीं पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि श्रृति किन्नर सोनी 26 वर्ष निवासी झामनदास चौक रज्जन डेयरी के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह राजकरन शर्मा उर्फ मल्लिका शर्मा किन्नर के जलसा कार्यक्रम में सिंधी धर्मशाला गयी थी रात लगभग 11-20 बजे नाच गाने को लेकर उसका समीर एवं मल्लिका शर्मा किन्नर से विवाद होने लगा समीर उसके साथ गाली गलोज करने लगा, मल्लिका ने उसके बाल पकड़कर धक्का मुक्की की एवं समीर ने धारदार हथियार से हमलाकर गले में चोट पहुॅचा दी। दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

### घर में घुसकर युवक पर हमला

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत शंकर मंदिर के पास बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवक पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक रविवार को सौरभ उर्फतुषार केशरवानी 22 वर्ष निवासी शंकर मंदिर के पास मिश्रा इंटर प्राईजेज के सामने घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट काम करता है। दोपहर लगभग 2 बजे वह घर में सो रहा था उसी समय शुभम गुप्ता डंडा लेकर एवं ऋषभ गुप्ता, मनीष गुप्ता उसके घर में घुस आये शुभम गुप्ता डंडा लिये था, उसे सोते से उठाये और उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। घर के बाहर ले आये बोले कि बहुत गुंडा बन रहा है उसी समय मुन्नू गुप्ता, शिव ठाकुर भी आकर उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे मारपीट से उसके हाथ पैर में चोटें आई।

## टीटीई पर हमले से यूनियन आक्रोशित

रेल कर्मचारियों में फैला डर

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में पदस्थ ट्रेवलर टिकट एक्जामिनर (टीटीई) पर गत दिवस नकाबपोश लुटेरों द्वारा प्राणघातक हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिये जाने के मामले में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसी आरईयू) ने आक्रोश जताते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यूनियन का कहना है कि बिलहरी-तिलहरी क्षेत्र में हजारों रेल कर्मचारी निवासरत हैं उनमें इस घटना के बाद से भय का माहौल है इस हमले के बाद यूनियन के मंडल सचिव का. रोमेश मिश्रा व यूनियन के अनेक पदाधिकारियों ने रेलवे अस्पताल पहुंचकर घायल टीटीई जितेंद्र कुशवाहा से मुलाकात कर घटना की निंदा करते हुए घायल कर्मचारी को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। यूनियन मंडल सचिव का. मिश्रा ने कहा कि जबलपुर में पदस्थ हजारों रेल कर्मचारी बिलहरी, तिलहरी आदि क्षेत्र में रहते है, वे दिन हो या रात ड्यूटी पर आते-जाते रहते हैं ऐसे में इस तरह की घटना उनमें भय उत्पन्न कर चुकी है पुलिस प्रशासन को यथाशीघ्र लुटेरों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करना चाहिए साथ ही एम्पायर तिराहे से बिलहरी-तिलहरी तक नियमित गश्त की जानी चाहिए।

## मार्ग पर रेत-गिट्टी फैलाने वाले ठेकेदार पर 10 हजार का जुर्माना



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की सड़कों पर अतिक्रमण और निर्माण सामग्री फैलाकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के पालन में, संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले शारदा चौक क्षेत्र में आज एक बड़ी चालानी कार्रवाई की गई।

शारदा चौक स्थित मुख्य मार्ग पर ठेकेदार लकी दुबे द्वारा सड़क पर ही रेत और गिट्टी डालकर रखी गई थी। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार के विरुद्ध 10,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नगर निगम का स्वास्थ्य अमला पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहा। कार्रवाई में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सचिन, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चतुर्वेदी, सुपरवाइजर नरसिंह मूर्ति, प्रशांतराव, अजय बिहुनिया, संतोष महतो आदि उपस्थित रहे।

**निगमायुक्त की सख्त हिदायत**

निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मुख्य मार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री (रेत, गिट्टी, ईंट आदि) फैलाकर रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

निगमायुक्त ने सभी संभागों को निर्देश दिए हैं कि शहर की स्वच्छता और सुगम यातायात में बाधा डालने वाले तत्वों पर निरंतर निगरानी रखी जाए और सख्त कार्रवाई की जाए।



## ऑपरेशन टॉर्च का विरोध, हिंदू धर्म सेना ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,जबलपुर।** हिंदू धर्म सेना, मध्य प्रदेश-जबलपुर ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ कथित नरसंहार, धार्मिक उत्पीड़न और एसआईआर प्रक्रिया के तहत संचालित ऑपरेशन टॉर्च पर कड़ा विरोध जताते हुए भारत सरकार से तुरंत और निर्णायक हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने अपने ज्ञापन में दावा किया कि हिंदुओं को चिन्हित कर उनके घरों में आगजनी, लूटपाट, महिलाओं और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार तथा मंदिरों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू धर्म सेना ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मामला उठाने, पीड़ित परिवारों के लिए न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित करने तथा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार से ठोस कदम उठाने की भी अपील की है।

अलर्ट

1500 का फोर्स होगा तैनात, शराबियों, हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई, नव वर्ष के आगमन पर लगेंगे चेकिंग प्वाइंट, ढाबों, रेस्टोरेंट, होटलों पर भी पैनी नजर रहेगी

## जश्न की आड़ में हुड़दंग की तो लॉकअप में मनेगा नया साल

**नवभारत, जबलपुर।** 2025 को अलविदा कहने और नए साल 2026 का जश्न मनाने को लेकर जहां युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है तो वहीं पुलिस ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी है। सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे है। दरअसल नई उम्मीद, नई ऊर्जा के साथ नए साल जश्न मनेगा। इस दौरान हुड़दंगी भी सक्रिय होंगे जिनसे पुलिस सख्ती से निपटेगी।

थर्टी फर्स्ट की रात जश्न की आड़ में हुड़दंग करने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों से सबक सिखाने खास इंतजाम किए गए है। 1500 से अधिक का फोर्स तैनात होगा। 30 से अधिक चैकिंग प्वांइट बनेगे। नए साल के स्वागत के लिए



आयोजित पार्टियों में ड्रग्स, शराब या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन करने का नया साल लॉकअप में मनेगा। ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

**ब्रेथ एनालाइजर से होगी चेकिंग**

शराब पीकर वाल चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच होगी। सड़कों पर स्टंट करने वालों, पटाखा फोड़ने वालो, सायलेंसर वाली गाड़ियों पर भी कार्रवाई होगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नए साल के जश्न में कानून व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। जश्न की आड़ में हुड़दंग करने वाले बख्शें नहीं जाएंगे। चेकिंग प्वाइंट बनाकर जिलेभर में जांच होगी।

**पिकनिक स्पॉट पर बढ़ेगी सुरक्षा**

नए साल का जश्न मनाने पिकनिक स्पॉट में भीड़ उमड़ेगी जिसको लेकर शहर एवं देहात में पड़ने वाले प्रमुख पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा भी बढ़ेगी। पुलिस की मोबाइल पार्टियां भी गश्त करेगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा जायेगी। मंदिरों भी भीड़ की संभावना है। जिसके चलते यहां पर भी अतिरिक्त बल तैनात होगा ।

**बदमाशों, मनचलों पर निगरानी**

कानून व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रमुख चौराहो और संवेदनशील क्षेत्रों में मुस्तैदी से तैनात होगी। इसके अलावा गुंडे-बदमाशों की निगरानी होगी। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस को भी तैनात होगी। मनचलों पर भी पुलिस की पैनी नजर होगी।

**शराब पार्टियां कराई तो होगी कार्रवाई**

न्यू ईयर पार्टियों पर शहर प्रमुख और बड़े होटल, रेस्टोरेंट में भी आयोजन होगे । बिना अनुमति व लाइसेंस के शराब पार्टी का आयोजन करने वालों पर भी पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें नजर रखेगी। शहर के अंदर व बाहर के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर पुलिस की विशेष निगाह होगी।

## फ्लाई ओवर से टी शेप की स्टील प्लेट चुराने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर।** फ्लाई ओवर से टी शेप की स्टील प्लेट चुराने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ब्रजेश कुमार द्विवेदी 41 वर्ष निवासी द्वारिका नगर थाना अमहिया जिला रीवा ने लिखित शिकायत की कि वह विजय कुमार मिश्रा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में मैनेजर के पद पर कार्य करता है। ओवर ब्रिज कार्य उसके देखरेख में चल रहा है फ्लाई ओवर के ऊपर टी शेप की प्लेटें लगी थी, तीन प्लेट 50 हजार रुपए की कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी मोहन उर्फ गुल्ला अहिरवार पिता स्व. बाबूलाल अहिरवार 30 वर्ष निवासी दमोहनाका कोतवाली को अभिरक्षा में लेते हुये चुराई हुयी टी शेप स्टील की 2 प्लेटें जप्त करते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।